SN – 076

III Semester B.B.M./B.H.M. Examination, November/December 2014
(Semester Scheme)
HINDI LANGUAGE – III
(Repeaters) (2010-11 & Onwards)
Hindi, Ekanki, Sarkari Patra Aur Sankshepan

Time : 3 Hours   Max. Marks : 90/100

Instructions : *1) VI Question is* ***compulsory*** *for 2012-13 batch.*
2) ***100*** *marks for fresh students of 2012-13 batch onwards.*
3) ***90*** *marks for repeater student prior 2012-13.*

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : **(10×1=10)**

1) रोहिणी अपनी पुत्री अपराजिता के विवाह के लिए जो संपत्ति एकत्र की थी, उसका क्या हुआ ?

2) चाणक्य के 'अर्थशास्त्र' के अनुसार लौकिक व्यवहार में कितने प्रकार के दण्डे हो सकते है ?

3) सुशील क्या बनना चाहता है ?

4) माँ के तीन बेटे कहाँ चले गये ?

5) 'लहर लौट गई' एकांकी के एकांकीकार कौन हैं ?

6) मदन के ससुर ने रुपया किसके नाम दिया ?

7) निरुपम की भाभी का क्या नाम है ?

8) रामू के जीवन का ध्येय क्या है ?

9) लीला किसकी पत्नी है ?

10) सुकेशी को किसका पत्र मिला ?

ST. CLARET COLLEGE LIBRARY

P.T.O.

II. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(3×8=24)**

1) तो अपराधी को मैं यह सम्पत्ति ही दे दूँगा प्रभु, वही प्रभु की सेवा में अर्पित करे।

2) यह मैंने क्या देखा माँ अपने हाथों से अपने ही बेटे की हत्या कर रही है।

3) मुझे क्या पता था कि इस रेगिस्तान में भी एक लहर आई थी ?

4) हमें जलाने के लिए जानबूझ कर भुला दिया होगा ।

5) अभी आपने निर्णय ही किया है, नियुक्ति पत्र तो जारी किया नहीं।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2×15=30)**

1) 'नैराशय' एकांकी में चित्रित प्रगतिशील विचारों का विश्लेषण कीजिए।

2) 'चक्रव्यूह' एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए।

3) 'न्याय विधान' एकांकी के आधार पर चाणक्य का चरित्र चित्रण कीजिए।

IV. रामेश्वर सिंह को बेंगलूरु मेट्रो रेल परियोजना के अवर अधीक्षक पद पर नियुक्त किया गया है। इस संबंध में सचिव बेंगलूरु मेट्रो रेल लिमिटेड, बेंगलूरु की ओर से एक अधिसूचना तैयार कीजिए। **16**

अथवा

कर्नाटक राज्य के कई जिलों में हैजा फैल गया है। इसकी रोकथान के लिए राज्य सरकार के जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्याधिकारियों को एक परिपत्र लिखिए।

V. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए संक्षिप्तीकरण कीजिए : **10**

बडी-बडी गोष्ठियाँ हो रही हैं, बडे-बडे भाषण हो रहे हैं। जल-संरक्षण हेतु विचार विमर्श हो रहे हैं। समितियाँ बन रही हैं, राजनीतिक क्षेत्र में भी हलचल है। जल पुरुष की उपाधियाँ बँट रही हैं। किन्तु क्या वास्तव में जल संरक्षण हो रहा है ? संसार में चारो तरफ जल ही जल है। पृथ्वी जल से घिरी हुई है। वर्षा में कितना जल बरसता है। कितनी बाढ़े आती हैं ? शहरों में, गाँवों में पानी-भर जाता है। क्या हम वास्तव में जल-संरक्षण के प्रति गम्भीर हैं ?

Note : Compulsory question for 2012-13 onwards batch.

सूचना : वर्ष 2012-13 और उसके बाद के विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य प्रश्न

VI. किसी **एक** पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए : **(1×10=10)**

1) रामू।

2) मनोहर।